तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 21 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 जर्जर स्कूल देख भड़के विधायक ईश्वर...



12 आंबेडकर स्मारक के पास की गई शिवलिंग...



## खबर संक्षेप



### डाली को मिली शाला कप्तान की जिम्मेदारी

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में शाला नायिका एवं सह शाला नायिका का चुनाव हुआ। सह कक्षा नायिका सह शाला नायिका के लिए 5 प्रत्याशी अनामिका साहू, तनु वर्मा, नेहा वैष्णव, संगीता साहू व सोनम निषाद के बीच मुकाबला था। जिसमें सोनम निषाद ने संगीता साहू को 9 मतों से पराजित किया। शाला नायिका पद के लिए दीपिका सेन 12वी कला और डॉली रजक 12वी कॉमर्स के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें डॉली रजक ने दीपिका सेन को 7 मतों से पराजित किया। सभी कक्षा के कक्षा नायिका, सह नायिका एवं प्रत्याशी मतदाता थे। प्राचार्य मैडम ने शाला नायिका एवं सह शाला नायिका को बधाई देते हुए अध्ययन, अनुशासन, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए शाला हित छात्रा हित कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया प्राचार्य कविता बाजपेयी के निर्देशन में रेखा सोनी, सपना तिवारी, प्रमोद ठाकुर, संतोष मिश्रा एवं योगेन्द्र वर्मा द्वारा पूरी कराई गई।

### राइस मिल में गड़बड़ी 100 क्विंटल धान व 1493 क्विंटल चावल जब्त

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम अतरिया तहसील बेमेतरा स्थित मेसर्स ओम साई राईस मिल की खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आकस्मिक जांच की। जांच में मेसर्स ओम साई राईस मिल द्वारा विगत 89 दिवस से कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं किये जाने सहित अनेक अनियमितताएं पाई गई। इस प्रकार मेसर्स ओम साई राईस मिल द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप फर्म के प्रोप्राईटर मिथिलेश सिन्हा से धान 100 क्विंटल एवं चावल 1493 क्विंटल जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। अग्रिम कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### शासकीय विद्यालय धनेली का रजत जयंती समारोह आज

**गुरूर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेली की स्थापना का रजत जयंती समारोह 21 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण साहू रहेंगे, अध्यक्षता प्राचार्य टीके साहू करेंगे। मंच संचालन व्याख्याता धनेली केएल गजेन्द्र व व्याख्याता खुंदनी पूरनलाल भेसले करेंगे।

### ओपन ट्रायल के लिए रवाना हुईं डोंडी की बालिकाएं

**डोंडी।** गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की 5 बालिकाएं दीपिका, तानियारानी, माधवी, अनामिका टिकेश्वरी अंडर-17 गर्ल्स फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। इसके लिए कोरबा में एनटीपीसी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ट्रायल के रवाना हुईं। बालिका फुटबॉल डोंडी टीम के कोच और क्लब के सेक्रेटरी सन्तु यादव ने बताया कि ट्रायल में सभी पांचों बालिकाएं बीजापुर की टीम की ओर से सम्मिलित होंगी। ज्ञात हो कि विगत वर्ष डोंडी की बालिकाओं ने ओपन की इसी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता को जीत कर बालोद जिला के लिए इतिहास बनाया, परंतु इस वर्ष समय की कमी होने के कारण टीम में आवश्यक 18 रजिस्टर्ड प्लेयर नहीं होने और सुब्रतो के राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता से लौटते ही जा पाना सम्भव नहीं हो सका साथ ही आर्थिक समस्या होने से व्यवस्था नहीं हो सका।

**पहल : यातायात व्यवस्था बनाने और सड़क दुर्घटनाएं रोकने की पहल**

# मवेशियों को खुला छोड़ने वालों पर शुरू हुई कार्रवाई, इस माह 9 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने सड़कों पर उतरा प्रशासन

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय की उपस्थिति में आमजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात को सुचारू बनाना है। नगरीय निकाय आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सड़कों पर यातायात और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। सड़कों पर मवेशियों के बैठने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ये मवेशी अचानक सड़क पर आ सकते हैं, जिससे वाहनों की टक्कर होने का जोखिम होता है। इसके अलावा, रात में कम रोशनी में या तेज गति से गाड़ी चलाते समय मवेशियों को देखने में मुश्किल हो सकती है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं। इसी कारण से नगर निकाय और प्रशासन इन मवेशियों को सड़कों से हटाने और उनके लिए सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था करने का प्रयास लगातार जारी हैं। जुलाई माह में 9200 की जुर्माना की कार्रवाई की गई है। पशु मालिकों को समझाइश दी जा रही है कि मवेशियों को खुले में ना छोड़ें।



**कांजी हाउस और गौठानों में भेजे जा रहे पकड़े गए मवेशी**

नगरीय निकाय एवं पुलिस विभाग द्वारा पशुओं की पहचान कर आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए काउ कैचर का उपयोग किया जा रहा है। काउ कैचर एक विशेष प्रकार का उपकरण या वाहन है, जिसका उपयोग सड़कों पर आवारा पशुओं को सुरक्षित रूप से पकड़ने और उन्हें शेल्टर में ले जाने के लिए किया जाता है। पकड़े गए पशुओं को सुरक्षित शेल्टर कांजी हाउस और गौठानों में भेजा जा रहा है जहां उनकी देखभाल की जा सके। सड़कों पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि कोई भी आवारा पशु सड़कों पर न आ सके। आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें और सड़कों पर पशुओं की उपस्थिति से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दें।

# सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटे

**3 समितियों के प्रबंधकों व ऑपरेटरों को निलंबित किए जाने से थे नाराज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ बैठक के बाद निलंबन समाप्त करने के निर्देश के बाद वापस ली हड़ताल

सहकारी समिति कर्मचारी संघ बेमेतरा के आह्वान पर धान की कमी वाली समितियों के 3 प्रबंधकों व ऑपरेटरों को निलंबित किए जाने से नाराज सोसाइटी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे । वहीं, इस संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, जिला खाद्य अधिकारी, बेमेतरा, उप आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी बेमेतरा, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, जिला बेमेतरा एवं सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जगमोहित साहू एवं अन्य पदाधिकारीगणों के मध्य सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा आश्वस्त किया गया कि जिले में धान का उठाव के बाद शून्य प्रतिशत शार्टेज में लेखा मिलान करवाएंगे। संघ के पदाधिकारियों द्वारा इस संबंध में कलेक्टर के समक्ष शून्य शार्टेज किये जाने के लिए सहमति दी गई है। संघ के वादे को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने निलंबित कर्मचारियों को बहाल करने के निर्देश दिए। इस प्रकार सहकारी समिति कर्मचारी संघ बेमेतरा के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। वहीं, हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी कर्मचारी अपनी समितियों में कार्य पर उपस्थित हो गए।

# सम्मान समारोह 28 को, तैयारियों के लिए हुई अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री साव होंगे शामिल

अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बेमेतरा एवं जिले के अंतर्गत आने वाले सभी तहसीलों के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक साहू छात्रावास बेमेतरा में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार से लेकर भविष्य की कार्य योजना के बारे में चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए शहीद भारत लाल साहू सहित पूर्व में भी शहीद हुए अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 28 जुलाई को उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य अतिथ्य में होने वाले सम्मान समारोह में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के द्वारा वार्षिक कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिनमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी शामिल है।

समाज के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को भविष्य में आहूत बैठक में उपस्थित होकर अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन करने का आह्वान किया गया। इस बैठक में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक में जिला संयोजक हीरालाल साहू, नलेश्वर साहू, संरक्षक नानक साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संरक्षक थलज कुमार साहू, साजा तहसील के संयोजक पवन कुमार साहू, घनश्याम साहू, बेमेतरा तहसील के पूर्व संयोजक, वर्तमान के संरक्षक नरोत्तम साहू, देवनाथ साहू, फेरू राम साहू, सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# निरीक्षण के दौरान बंद मिला ताला का स्कूल, नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ बीआरसीसी साहू ने औचक निरीक्षण में पकड़ी लापरवाही

बीआरसीसी राजेंद्र साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड, प्राथमिक शाला मटका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका, प्राथमिक शाला ताला और पूर्व माध्यमिक शाला ताला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला ताला बंद मिला। इस पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं, अन्य शालाओं में स्टाफ मौजूद मिले। इस दौरान श्री साहू ने आने वाले सप्ताह में शिक्षा सप्ताह मनाने का दिशा निर्देश देते हुए किचन गार्डन,बैकलेस डे,सुरक्षित शनिवार,बाल संसद गठन, शिक्षक डायरी, एफ एल एन आधारित शिक्षण शासन की महत्वाकांक्षी योजना उल्लास कार्यक्रम आदि की जानकारी एकत्र कर उचित रूप से क्रियान्वयन पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में सुरक्षित शनिवार के तहत सांप एवं बिच्छू के डंक से बचाव की जानकारी दी जा रही थी। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा था। कार्यक्रम में श्री साहू भी शामिल हुए।

# 10 महिलाओं का हुआ सफल नसबंदी ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत 10 हितग्राहियों का सफल महिला नसबंदी ऑपरेशन डॉ विनीता ध्रुव द्वारा संपन्न कराया गया । कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला को जिला चिकित्सालय में नसबंदी ऑपरेशन हेतु अधिक पंजीयन होने के कारण ब्लॉक स्तर पर नसबंदी ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इसके तहत नसबंदी ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संत राम चुरेंद्र के दिशा निर्देश और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला बीएमओ डॉ जितेंद्र कुंजाम के मार्गदर्शन में 19 जुलाई को महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ विनीता ध्रुव के द्वारा 10 महिला हितग्राहियों का निःशुल्क सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर के आयोजन में बीएमओ डॉ जितेंद्र कुंजाम, नर्सिंग स्टाफ सीएचसी खंडसरा, बीपीएम यशवंत चंद्राकर के साथ अन्य बेरला सीएचसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा ।



# कुर्मी समाज का छात्र प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आज

**बेमेतरा।** सिंगरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन आज कुर्मी भवन कंतेली में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसेवा आयोग अध्यक्ष डॉ प्रवीण वर्मा होंगे। वहीं, सीडी वर्मा, सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर, अवधेश पटेल डायरेक्टर समाधान कॉलेज, पीताम्बर झा, लेक्चरर समाधान कॉलेज, रीना मिथलेश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा के आतिथ्य में रखा गया है। इस समारोह में कक्षा 10वी,12वी,प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है,। इस आयोजन को लेकर विगत दो माह से लगातार पदाधिकारीयो का बैठकों का दौर चल रहा था। इस आयोजन की तैयारी को लेकर केंद्रीय अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, धारेंद्र वर्मा, नेमीचंद वर्मा, सेवक वर्मा, मंत्री सिंह वर्मा, बिजेन्द्र वर्मा, हेमसिंह वर्मा, योगेश वर्मा युवाध्यक्ष कुर्मी समाज और उनकी टीम और कुर्मी समाज के शिक्षक टीम से राजा वर्मा, गैंदराम वर्मा, चित्रेन्द्र वर्मा, हरीश चंद्र वर्मा, नरेश वर्मा,इत्यादि लोग के साथ ही साथ परिक्षेत्रीय व ग्रामीण,माहिला पदाधिकारियों का भरपूर योगदान रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्रीय अध्यक्ष कौशल वर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में बच्चों और उनके अभिभावकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# शासकीय प्राथमिक शाला केंवाछी में बच्चों को दिया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला केंवाछी में कबीर नवयुवक मंडल के सदस्यों ने नेवता भोज का आयोजन किया गया। वहीं, इस दौरान पौधारोपण भी किया गया।इससे पहले स्कूली बच्चों को खीर, पूड़ी, अचार, पापड़, दाल, चावल, सब्जी परोसा कर भोजन कराया गया। उसके बाद समिति द्वारा कदंब का पौधा लगाया गया। शिक्षक खेमसिंह बारले ने बच्चों को गुरू की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चों का सही मार्गदर्शक व ज्ञानदाता होता है। गुरू के बताए मार्ग पर चलकर सही दिशा में बच्चे आगे बढ़ पाता है। इसलिए गुरू पूजन की हमारी परंपरा बहुत प्राचीन है और इसे हमें हमेशा निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक कमलेश वर्मा, शिक्षक वाय रामलू, संतोषी वर्मा, खेमसिंह बारले के साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक संतोष साहू, संतराम निषाद, टोंकार साहू व कबीर नवयुवक मंडल केंवाछी के सदस्यों में खेलन सिंह वर्मा, तोलेन्द्र वर्मा, तुमेश्वर वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, शिवकुमार वर्मा, नीरा मानिकपुरी, डामिन वर्मा, प्यारी यादव उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ 5 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का समापन**

# आज के माहौल में बच्चों को स्पोकन इंग्लिश का ज्ञान आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

विकासखंड के बीआरसी भवन साजा में चल रहे पाँच दिवसीय स्पोकन इंगलिश कार्यशाला के प्रथम चरण में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीआरजी अर्पणा शर्मा, बबीता दास एवं अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से नीरज के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के मुख्यअतिधि सीडब्ल्यूएसएन के बीआरपी चंद्रकांत वर्मा रहे। सांस्कृतिक प्रोग्राम के अंतर्गत प्रतिभागी शिक्षक साथियों ने एकल, युगल या सामूहिक रुप से प्रस्तुति दी। इसमें वेलकम साँग सुमनलता वर्मा, एजुकेशन पर लघु नाटिका मधु मेम एवं साथी, अनुशासन पर सोनल मैडम एवं उनकी टीम, लेट वाक वीथ मी एकल गीत एन कुमार, ग्रुप साँग वी शैल ओवर कम ग्रुप साँग प्रतिमा एवं उनकी टीम, विजीटेबल्स साँग तामेश्वर एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति यादवों द्वारा दीपावली के अवसर पर होने वाले राऊत नाचा के दोहों को अंग्रेजी में बोलकर वेशभूषा, खोपा कलगी एवं विभिन्न रंगों से सजी लाठियों को ले झूमते नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा एवं उनकी टीम ने नई पहल की। डीआरजी अपर्णा शर्मा एवं बबीता दास ने कहा कि आज के माहौल में बच्चों को अंग्रेजी आना बहुत जरूरी है, क्योंकि 21वीं सदी कंप्यूटर का युग है। आज हर क्षेत्र अंग्रेजी से जुड़ा हुआ है। यहां से शिक्षक प्रशिक्षित होकर अपने विद्यालयों में बच्चों को अंग्रेजी में निपुण कर सकेंगे।

**बच्चों की झिझक दूर कर स्पोकन इंग्लिश के लिए लगाव पैदा करें**

बीआरपी चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि स्पोकन इंगलिश की महत्ता पर अपने विचार रखे। स्पोकन इंगलिश में प्रशिक्षण ले रही नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि इस प्रशिक्षण से हममें बहुत बदलाव हुआ। साथ ही यह भी जाना कि स्पोकन इंगलिश हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। बच्चों के भीतर इंग्लिश के लिए जो झिझक है, उसे दूर कर स्पोकन इंग्लिश के लिए लगाव पैदा कर सकते हैं। कार्यक्रम में संचालन शिक्षक व कवि सुनील शर्मा एवं पटेल मैडम ने किया। विशेष सहयोग अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से स्रोत व्यक्ति नीरज का रहा। शिक्षकों का पाँच दिवसीय इंग्लिश स्पोकन प्रशिक्षण का ओयाजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर के निर्देशन में और डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन किया गया।



**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

